प्रादेशिक समाचार
13.11.2024 (संध्या 1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 43 सीटों पर शांतिपूर्ण मतदान संपन्न, 64.86 फीसदी मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग।

2. पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और छह मंत्रियों समेत 683 उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद।

3. एनडीए और इंडिया गठबंधन के नेताओं ने अपनी–अपनी जीत का किया दावा।

4. बीस नवंबर को होनेवाले दूसरे चरण के मतदान को लेकर चुनाव प्रचार हुआ तेज, भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झामुमो–कांग्रेस पर बांग्लादेशी घुसपैठ को बढ़ावा देने का लगाया आरोप।

5. झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया पलटवार, कहा–भाजपा और आरएसएस खत्म करना चाहती है आरक्षण।

***************

विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 43 सीटों पर आज राज्य के विभिन्न हिस्सों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो गया। लोकतंत्र के महापर्व को लेकर आम और खास सभी ने अपनी भागीदारी का निर्वहण किया। राज्य की अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ0 नेहा अरोड़ा ने बताया कि इस चरण में शाम पांच बजे तक 64 दशमलव आठ छह फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

पहले चरण में 73 महिलाओं सहित 683 उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हो गया। मतदान संपन्न होने के बाद मतदान कर्मी ईवीएम को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वज्रगृहों में जमा कर रहे हैं। रांची जिले में पड़नेवाले सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों के लिए पंडरा स्थित कृषि बाजार समिति में वज्रगृह बनाया गया है, जहां मतदान कर्मी इवीएम जमा करा रहे हैं। अब विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 38 सीटों के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा। दोनों चरणों के मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

***************

रांची जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी आज मतदान प्रक्रिया संपन्न हो गयी।

***************

राज्य में पहले चरण के लिए हुए मतदान के बाद एनडीए और इंडिया गठबंधन के नेताओं ने अपनी–अपनी जीत के दावे किये हैं। भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि भाजपा लोगों के दिलों में बसती है और लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी का भरोसा है। उन्होंने दावा किया कि झारखंड में अगली सरकार एनडीए की बनेगी।

***************

प्रदेश भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने भी दोहराया कि राज्य में अगली सरकार एनडीए की होगी।

***************

इधर एनडीए के घटक दल जदयू ने भी दावा किया है कि एनडीए पूर्ण बहुमत के साथ राज्य में सरकार बनाएगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार ने कहा कि हेमंत सरकार की नाकामी का एनडीए को लाभ मिलेगा।

***************

इधर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का दावा किया है कि राज्य में माहौल इंडिया गठबंधन के पक्ष में है। यह गठबंधन सत्ता में वापसी करेगा।

***************

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेश ठाकुर का भी दावा है कि हेमंत सरकार के कामकाज का लाभ इंडिया गठबंधन को मिल रहा है।

***************

इंडी गठबंधन के प्रमुख घटक राजद को भी भरोसा है कि राज्य में एक बार फिर झामुमो, राजद और कांग्रेस की सरकार बनेगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हेमंत सरकार के कार्यों से लोग बेहद खुश हैं।

***************

इधर झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता मनोज पांडेय ने दावा किया है कि राज्य में एक बार फिर इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा को अपनी हार मान लेनी चाहिए।

***************

विधानसभा चुनाव की 38 सीटों के लिए 20 नवंबर को होनेवाले चुनाव को लेकर प्रचार तेज हो गया है। प्रधानमंत्री सह भाजपा के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी ने आज झारखंड के देवघर और गोड्डा में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। श्री मोदी ने सारठ में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेताओं पर जमकर हमला बोला। श्री मोदी ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ झारखंड की सबसे बड़ी चिंता है।

***************

कोयलांचल और संताल के चुनावी समर को जीतने के लिए इंडी गठबंधन के नेताओं ने भी जोर लगा दिया है। इंडी गठबंधन के कई नेताओं ने भी आज विभिन्न क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित किया। झामुमो की ओर से मुख्यमंत्री सह पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन और स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने मोर्चा संभाल रखा है। श्री सोरेन ने सिंदरी और बाघमारा समेत कई जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान श्री सोरेन ने भाजपा और आरएसएस पर पलटवार करते हुए आरक्षण खत्म करने का आरोप लगाया। निरसा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए श्री सोरेन ने भाजपा नीत केन्द्र सरकार पर गरीबों की अनदेखी का आरोप लगाया।

***************

लोहरदगा के पूर्व विधायक राज्य के पूर्व मंत्री सधनु भगत का आज निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। उनके निधन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री डा. रामेश्वर उरांव, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी समेत कई नेताओं ने शोक व्यक्त किया है।

****************

राज्य में ठंड बढ़ सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार अगले दो दिनों के बाद न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार आगामी 18 नवंबर तक सुबह के समय कुहासे के हालात बने रह सकते हैं। आकाश मुख्यतः साफ रहेगा और मौसम के शुष्क बने रहने के आसार हैं।

*******समाप्त*******